Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 12-03-2007

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

Title: Need to ensure availability of medical facilities to people in rural areas of the country -Laid.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) : महोदय, देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधा की कमी स्पट दिखाई देती है। शहरों में निजी क्षेत्रों के चिकित्सालयों और अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधा मंहगी होने के कारण आम आदमी के पहुंच से परहे है। पिछले दिनों मेरे एक प्रश्न के उत्तर में प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लगभग 9 हजार डाक्टरों और विशोज्ञ पदों की रिक्तियों की की केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जानकारी दी गयी थी। आज भी वही स्थिति है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अगर हृदय रोग, कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों के उपचार के अभाव में मरने के सिवा कोई चारा नहीं। अपने घर तथा गहने आदि बेचकर इन बड़ी बीमारियों का उपचार कराने के लिए सैंकड़ों मील की दूरी पर जाना पड़ता है।

सरकार द्वारा विदेशी पर्यटकों को लुभाने के लिए शहरों में अत्याधुनिक अस्पताल बनाकर आरोग्य पयटन को बढ़ावा देने के लिए धनराशि दी है। लेकिन ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के गरीब आम आदमी को बुनियादी स्वास्थ्य सेवा तथा उसकी क्रय शक्ति के अंतर्गत उपलब्ध कराने के लिए धनराशि का आबंटन नहीं हो रहा है। देश के जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में पनप रहा कुपोाण, फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में फ्लोरोसीस तथा अन्य जलजनित बीमारियों के संक्रमण से हजारों की तादाद में मर रहे लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा कब उपलब्ध करायेंगे।

स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे नये नये अविकार और प्रौद्योगिकी का हम बखान कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसको उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा कौन कौन से प्रयास किये जा रहे हैं। केवल विकास की बढ़ती दर बताकर आत्ममुग्ध हो हम ग्रामीण क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय तो नहीं कर रहे इसका विचार होना चाहिए। देश के सभी क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उनकी क्रयशक्ति के अंदर उपलब्ध कराने की आज आवश्यकता है। स्वस्थ भारत ही देश के प्रगति का आधार हो सकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि स्वास्थ्य सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर धनराशि का आबंटन कर स्वास्थ्य सुविधा कारगर कराने के सभी प्रयास प्राथमिकता से करे।